Regarding issue of Caste Certificate in certain places of Uttar Pradesh

श्री रमाशंकर राजभर **(सलेमपुर) :** सभापति महोदया, हमारे संसदीय क्षेत्र के जनपद देवरिया, जनपद बलिया, सलेमपुर लोक सभा क्षेत्र में जाति प्रमाण पत्र नहीं बन रहा है । उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में तुरहा, गोंड, खरवार और धनगर जातियों को क्रमश: एससी, एसटी में अधिसूचित किया गया है । इन जातियों को प्रमाण पत्र न मिलने से इनका सम्पूर्ण विकास रुका हुआ है । इनको संवैधानिक हक नहीं मिल रहा है । तुरहा जाति एससी में अधिसूचित है, लेकिन क्षेत्रीय भाषा में इसे तुरहया और तुरहा कहा जाता है, लेकिन अधिकारी जाति प्रमाण पत्र नहीं बनाते हैं ।?(व्यवधान)